सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/

English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hor-mone/

SABGURU NEWS

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

RNI TITLE CODE NO. RAJBIL27046

खबरों के लिए स्कैन करें

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह


वर्ष 1 | अंक 6 | अजमेर, रविवार 10 सितम्बर 2023 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## सम्पादकीय

## मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना पर लगा ग्रहण

विजय सिंह

चुनावी मौसम में आम जनता को लुभाने को उतावली अशोक गहलोत सरकार नित नई योजनाओं और घोषणाओं के जरिए राहत का पिटारा खोल रही है। आचार संहिता लागू होने से पहले इन योजनाओं को धरातल पर लागू करने के लिए सरकारी कर्मचारियों को सख्ती से झोंक दिया गया है।



इन योजनाओं से सरकार के पक्ष में कितना माहौल बनेगा यह भविष्य के गर्त में छिपा है। हाल ही में 6 सितंबर को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भीलवाड़ा में राज्य के पशुपालकों के लिए कामधेनु योजना का शुभारंभ किया। दीगर बात यह है कि जिन पशु चिकित्सकों को इस योजना को अमलीजामा पहनाना है वे अपनी बहु प्रतीक्षित नॉन प्रैक्टिस एलाउंस की मांग को लेकर अड गए हैं। यानी जब तक पशुचिकित्सकों को उनका हक नहीं मिल जाता तब तक मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना एक कदम भी आगे नहीं बढ सकेगी।बतादें कि कामधेनु बीमा योजना के अंतर्गत 80 लाख पशुओं का निःशुल्क बीमा किया जाना है। बीमा योजना लागू करने में सरकार ने 750 करोड़ रुपए खर्च किए जाने का प्रावधान किया है। इस बीमा योजना की जिम्मेदारी पशु.चिकित्सकों पर ही है। पशु चिकित्सक ही पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर प्रमाणपत्र जारी करेंगे साथ ही अन्य बीमा सम्बंधित कार्यवाही के सूत्रधार रहेंगे। पशु चिकित्सकों की बहु प्रतीक्षित मांग नॉन प्रैक्टिस एलाउंस की रही है। जिसके लिए प्रदेश में पशु चिकित्सकों ने आंदोलन भी चलाया गया था। मुख्यमंत्री कार्यालय एवं पशुपालन मंत्री लाल चंद कटारिया तब उन्हें भरोसा दिया था कि वित्त विभाग ने उनकी मांग पर विचार विमर्श कर लिया है और जल्दी ही मुख्यमंत्री उन्हें उनका हक दिलवाएंगे। इधर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कामधेनु पशु बीमा योजना के साथ पशु चिकित्सकों की मुख्य मांग नॉन प्रैक्टिस एलाउंस की घोषणा नहीं की। इससे पशुचिकित्सक ठगे से रह गए। अब असंतोष का आलम यह है कि सरकार को उसकी हठधर्मिता का करारा जवाब देने के लिए पशुचिकित्सक लामबंद हो गए हैं। राजस्थान के दोनों पशु चिकित्सा संघों ने दो टूक कहा है कि पहले सरकार पशु चिकित्सकों की मांग पूरी करे उसके बाद योजना पर अमल होगा।राजस्थान पशु.चिकित्सक संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ रमेश चौधरी और वेटनरी डाक्टर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ इंद्रजीत सिंह ने इस मुद्दे पर एकराय जाहिर करते हुए कहा है कि जब तक सरकार नॉन प्रैक्टिस एलाउंस की घोषणा नहीं करेगी तब तक सरकार की हर योजना का बहिष्कार किया जाएगा। मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना में करीब 80 लाख पशुओं का बीमा होना है। इस कार्य को मूर्तरूप देने के लिए पशुचिकित्सकों को पशुपालकों के घर घर जाना होगा। इसमें समय और श्रम दोनों लगेंगे। राजस्थान के दोनों संघों की ओर से आह्वान किया गया है कि जब तक एनपीए के आदेश राज्य सरकार पारित नहीं करती है तब तक एक भी पशु का बीमा नहीं किया जाएगा।सरकार को समझ लेना चाहिए कि पशुपालन विभाग के पशु.चिकित्सकों के बूते ही गोपालन विभाग का कार्य भी हो रहा है। इस नाइंसाफी को भी पशु चिकित्सक झेल रहे हैं। पशुपालन विभाग के मंत्री लालचंद कटारिया तथा गोपालन विभाग के मंत्री प्रमोद जैन भाया के लिए पशुचिकित्सकों की मांग की अनदेखी भविष्य में सरकार की किरकिरी का कारण बनेगी। गोपालन विभाग के पास पशुचिकित्सकों की कोई टीम नहीं है ऐसे में सरकार के अडियल रवैये के चलते 2000 पशु चिकित्सक बहिष्कार के ऐलान पर कायम रहे तो समय पर सत्यापन ना होने से गौशालाओं का अनुदान भी रुक जाएगा।

## पुष्कर में हर साल की तरह रामदेवरा जातरूओं के लिए निशुल्क भंडारा शुरू

पुष्कर। प्रभाती देवी मेघवंशी की स्मृति में जोगणिया धाम पुष्कर के श्रद्धालुओं की ओर से रामदेवरा जातरूओं के लिए निशुल्क भंडारा 7 सितंबर से आरंभ हो गया। इस मौके पर बाबा रामदेव पीर के भंडारा पांडाल पर ध्वजा चढ़ाई।स्वर्गीय प्रभाती देवी मेघवंशी की यादगार में रामदेवरा जातरूओं के लिए 16वें भंडारे का शुभारंभ पुष्कर स्थित आईडीएसएमटी कालोनी माधव नगर चुंगी नाका पुष्कर के सामने हुआ।जोगणिया धाम पुष्कर में पूजा उपासना के बाद सुबह 11 बजे गाजे बाजे के साथ बाबा रामदेव जी महाराज का ध्वजारोहण कर भंडारे की शुरुआत की गई। रिटायर्ड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामदेव रामसा पीर बाबा की ध्वजा बैंड बाजों के साथ भंडारे में ले गए। बाबा रामदेव पीर की आरती के बाद भोग अर्पण कर भंडारा शुरू किया गया।इस अवसर पर एडवोकेट प्रशान्त वर्मा प्रेम बिहारी मंत्री, महावीर शर्मा पुष्कर, ओम प्रकाश पाराशर समेत बडी संख्या में महिलाएं श्रद्धालु तथा गणमान्यजन मौजूद रहे।

# मोदी ने जी20 के मंच पर भी दोहराया सबका साथ सबका विकास का मंत्र



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जी20 देशों के 18वें दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यहां आए विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत किया और कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में दुनिया को एक साथ एवं सही दशा में ले जाने के लिए सबका साथए सबका विकास और सबका प्रयास की सोच महत्वपूर्ण है। मोदी ने भारतमंडपम में जी20 देश के नेताओं के शिखर सम्मेलन की शुरुआत करते हुए वर्तमान वैश्विक परिवेश में सबका साथए सबका विकास सबका प्रयास का मंत्र दोहराया और कहा कि भारत में ये पीपल्स जी.20 बन गया है। दुनिया में विश्वास के अभाव का संकट है और इस संकट को सबको मिलकर दूर करने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया की सदियों पुरानी समस्याओं के समाधान का वक्त आ गया है और 21वीं सदी का जी20 सम्मेलन बरसों पुरानी चुनौतियां का नया समाधान मांग रहे है। यह समय साथ मिलकर चलने का है क्योंकि 21वीं सदी का यह समय दुनिया को नई दिशा देने वाला है।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जी 20 के अध्यक्ष के रूप में भारत दुनिया से वैश्विक विश्वास की कमी को विश्वास और निर्भरता में बदलने का आह्वान करता है। यह हम सभी के लिए एक साथ आगे बढ़ने का समय है।

उन्होंने कहा कि यह समय सबका साथए सबका विकास सबका विश्वाससबका प्रयास के मंत्र को लेकर चुनौयियो से निपटने का बन सकता है। चुनौतियां चाहे उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन की होए पूर्व और पश्चिम के बीच की दूरी की होए भोजन और ईंधन के प्रबंधन की हो, आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य ऊर्जा या जल सुरक्षा की हो हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए इन सबका ठोस समाधान ढूंढना होगा।

### नसीराबाद चुनाव

# किसको मिलेगा पार्टी टिकट कौन बनेगा सेनापति

### गहलोत और पायलट की गुटबाजी में उलझी कांग्रेस

*उधरए कांग्रेस का हाल जुबान पर ताला जडा होने सरीखा हो रखा है। गहलोत और पायलट गुट के नाम पर नासूर की तरह पनप रही धडेबाजी के चलते पार्टी कार्यकर्ता चुनावी जंग सामने होने के बाद भी खुलकर सामने नहीं बोल रहे तथा खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। माना जा रहा है कि पूर्व विधायक महेन्द्र गुर्जर या रामनारायण गुर्जर में से किसी एक को कांग्रेस की नैया पार लगाने की जिम्मेदारी मिल सकती है।गुटबाजी के चलते इन नामों पर सहमति ना बनी तो श्रीनगर प्रधान कमलेश गुर्जर का नाम भी तुरुप के पत्ते की तरह आगे किया जा सकता है।कांग्रेस की तरफसे गुरु दायल गुर्जर शिव प्रकाश गुर्जर खम ठोंक रहे हैं। बाहरी होने से इनका दावा कितना मजबूत साबित होगा यह भविष्य के गर्त में छिपा है। इस बीच नांदला पंचायत से दो बार लगातार जीत हासिल कर सरपंच बने मानसिंह रावत भी विधायक बनने का सपना संजों रहे हैं।*

नसीराबाद। विधानसभा चुनाव की आहट से पहले ही सुर्खियों में आई नसीराबाद विधानसभा सीट को लेकर राजनीतिक समीकरण पल पल बदल रहे हैं। परंपरागत रूप से भाजपा और कांग्रेस के बीच ही यहां मुख्य मुकाबला होता आया है। लेकिन इस बार भाजपा और कांग्रेस से टिकट पाने की रेस थमने का नाम नहीं ले रही। कौनसा चेहरा सामने आएगा ये अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे गोविंद गुर्जर ने यहां कांग्रेस का परचम फहराए रखा। उनके बाद कांग्रेस की विरासत को सहेजते हुए महेन्द्र सिंह और रामनारायण गुर्जर ने भी विधायकी का सुख भोगा। हालांकि गत चुनावों में भाजपा ने यह सीट कांग्रेस से छीन ली और रामस्वरूप लांबा विजयी हुए।आमजन की राय में सामने आया कि जीत के बाद रामस्वरूप लांबा अपने पिता पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री स्व सांवरलाल जाट जैसा राजनीतिक कौशल नहीं दिखा पाए। उनकी छवि सीमित दायरे में सिमट कर रह गई। इसमें कोई दो राय नहीं कि विधायक लांबा ने ग्रामीण क्षेत्रों में पिता की तरह वर्चस्व कायम रखा। लेकिन संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में उनकी बेरुखी पार्टी कार्यकर्ताओं को अखर रही है। लांबा केवल आयोजनों के समय ही भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नजर आए। पार्टी की बैठकों तथा सार्वजनिक मौकों पर कई बार गैर मौजूदगी इस बार लांबा को भारी पड सकती है। अंदरखाने लांबा की जगह लेने को उतावले छुटभैये नेताओं की फेहरिस्त भी बढ रही है। गत दिनों सौराष्ट्र के लाठी से विधायक जनक भाई पटेल यहां पहुंचे और क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया। नसीराबाद विधानसभा प्रभारी अशोक तनईचा के समक्ष लांबा की कारसेवा करने वालों ने मौके का पूरा फ़ायदा उठाया।

इस सबके बावजूद भाजपा एक बार फिर लांबा पर दांव खेल सकती है। ऐसा नहीं है कि पार्टी लांबा को अजेय प्रत्याशी मान रही है असल मजबूरी यह है कि नसीराबाद में भाजपा को कांग्रेस को टक्कर देने के लिए दूसरा कोई विकल्प खोजे नहीं मिल रहा। हालांकि टिकट पाने की चाहत में केसरपुरा सरपंच शक्तिसिंह रावतए पूर्व जिला प्रमुख सरिता गैना ओम भडाणा गोपाल गुर्जर भी दावेदार के रूप में मीडिया की बदौलत सुर्खियां बटोरने में पीछे नहीं हैं।बहरहाल भाजपा और कांग्रेस आलाकमान के सामने बदली राजनीति परिस्थितियां स्थानीयवाद के ज्वलंत मुद्दे के तोड तथा सर्वमान्य प्रत्याशी की तलाश प्राथमिकता बन गई है। ऐसे में दावेदारों की लंबी होती जा रही लिस्ट ठहरे हुए पानी में कंकड मारकर लहर उठाने से अधिक असरकारक साबित नहीं होगी। टिकट का कोई भी दावेदार बगावत का झंडा बुलंद करने का साहस जुटा ले तो मुकाबला जरूर रोचक हो सकता है।

## बागेश्वर उपचुनाव में पार्वतीदास विजयी

बागेश्वर/नैनीताल। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तराखंड के बागेश्वर विधानसभा उप चुनाव में शुक्रवार को जीत हासिल कर ली। भाजपा की प्रत्याशी पार्वती दास ने कांग्रेस के बसंत कुमार को 2405 मतों से शिकस्त दी है। कांग्रेस ने उपचुनाव में भाजपा को कड़ी टक्कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस विजय पर भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास को बधाई दी है।उपचुनाव में कुल 67108 मत पड़े जिसमें से विधि मान्य मतों की संख्या 65876 रही। इसमें 181 मत रद्द किए गए। जबकि 1257 मत नोटा को मिले। चौदह दौर की गणना में भाजपा प्रत्याशी को 33247 मत हासिल हुए जबकि कांग्रेस के बसंत कुमार को 30842 मत मिले। अन्य दल आसपास भी नहीं ठहर पाए। उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) को 857 उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी (उपपा) को 268 और समाजवादी पार्टी को मात्र 637 मत मिले हैं।

# कांग्रेस विधायक राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने शिवसेना का दामन थामा



झुंझुनूं। राजस्थान में अपने बयानों के चलते अक्सर चर्चा में रहने वाले पूर्व मंत्री एवं उदयपुरवाटी से कांग्रेस विधायक राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने शिवसेना का दामन थाम लिया। गुढ़ा शनिवार को झुंझुनूं जिले में अपने गांव गुढ़ा में अपने पुत्र शिवम गुढ़ा के जन्म दिन के अवसर पर आयोजित जनसभा में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना में शामिल हो गए। शिंदे ने गुढ़ा को शिवसेना का दुपट्टा पहनाकर उनको शिवसेना में शामिल किया। गुढ़ा इससे पहले वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर उदयपुरवाटी विधानसभा सीट से चुनाव जीतने के बाद बसपा के सभी छह विधायकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए थे।इस मौके पर शिंदे ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने एक साल पहले यहीं पर कहा था कि गुढ़ा के कारण मैं मुख्यमंत्री हूं फिर उन्हीं को बर्खास्त कर दिया गया। गहलोत ने जो किया उसका जवाब जनता देगी। गुढ़ा ने क्या गलती की सच्चाई का साथ देना गुनाह है क्या। गुढ़ा ने राजस्थान में कानून व्यवस्थाए महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की ही तो आवाज उठाई थी।

उन्होंने कहा कि गुढ़ा ने मंत्री पद छोड़ा, सच्चाई नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि गुढ़ा का शिवसेना में स्वागत है। राजस्थान की वीरता और महाराष्ट्र की वीरता का मिलन सुखद है। गुढ़ा जब भी महाराष्ट्र आते थे तो वहां रह रहे राजस्थानियों की चिंता करते थे। महाराष्ट्र में रहने वाले हर राजस्थानी का हम ध्यान रखेंगे।

शिंदे ने कहा कि गुढ़ा की तरह ही मैंने भी मंत्री पद छोड़ा था। मैंने बाला साहेब के विचारों.आदर्शों के लिए मंत्री पद छोड़ा था। राजेंद्र गुढ़ा ने सचाई के लिए मंत्री पद छोड़ा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कानून.व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए और राजस्थान का विकास होना चाहिए। गुढ़ा ने गत जुलाई में विधानसभा में कानून.व्यवस्था को लेकर मंत्री रहते हुए सवाल उठाए थे। उन्होंने राजस्थान में दुष्कर्म मामलों की चर्चा करते हुए कहा था कि हमें मणिपुर पर बात करने से पहले अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। इसके बाद गुढ़ा को मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया गया था। मंत्री पद से बर्खास्त होने के बाद गुढ़ा ने लाल डायरी का मुद्दा भी उठाया।

# अशोक गहलोत ने रामदेवरा में रामदेव मंदिर में की पूजा अर्चना



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शनिवार को जैसलमेर के रामदेवरा में लोक देवता बाबा रामदेव की समाधि स्थल के दर्शन किए और पूजा.अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली, सामाजिक सौहार्द प्रेम भाईचारा और मानव कल्याण के लिए प्रार्थना की। गहलोत ने मंदिर में रामदेव जी के भजन सुनने के साथ परिसर में संचालित भोजनशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि देशभर में आस्था के केंद्र बाबा रामदेव मंदिर में राजस्थान सहित कई राज्यों के श्रद्धालु आते हैं। यहां पर व्यवस्थाएं पहले से बेहतर हैं। हमें यहां से देश को अखंड बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित कर रही है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मदए राजस्थान रा'य पशुधन विकास बोर्ड अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी एवं जोधपुर शहर महापौर कुंती देवड़ा परिहार भी मौजूद थे।

# अद्वैत को मिला लक्ष्मी कुमारी चूंडावत बाल साहित्य पुरस्कार

जयपुर। पंडित जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी का जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में वार्षिक समारोह का आयोजन कर सबसे कम उम्र के बाल साहित्यकार अद्वैत जिन्दल को लक्ष्मी कुमारी चूंडावत बाल साहित्य पुरस्कार सहित विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए।बुधवार को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष डॉण् राजीव अरोडा रहे जबकि कला संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव डॉ गायत्री राठौड़ विशेष अतिथि थी। समारोह में जयपुर के केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक के छात्र अद्वैत को उनके कहानी संग्रह ष्तनव और चुलबुली कहानियां् के लिए यह पुरस्कार दिया गया।अकादमी की ओर से राष्ट्रीय पं. नेहरू सम्मान से भोपाल के ख्याति प्राप्त लेखक पीयूष बबेले को नवाजा गया। राजस्थान के वरिष्ठ बाल साहित्यकार मनोहर वर्मा सम्मान जगदीश प्रसाद शर्मा गिलूण्ड को तथा लक्ष्मी नारायण रंगा सम्मान डॉ.आईदान सिंह भाटी को प्रदान किया गया।इस अवसर पर दीनदयाल शर्मा हनुमानगढ़, डॉ. भैंरू लाल गर्ग भीलवाड़ा, डॉ. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी लाड़नूं, प्रभात सवाईमाधोपुर, तरूण दाधीच उदयपुर, डॉ.कृष्ण कुमार आशु गंगानगर को बाल साहित्य मनीषी सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर अकादमी की ओर से प्रकाशित बाल साहित्यकारों की 57 पुस्तकों का लोकार्पण भी किया गया।

# सेंट्रल एकेडमी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज अजमेर में धूमधाम से मना टीचर्स डे



अजमेर। सेंट्रल एकेडमी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज अजमेर में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं संस्था के संस्थापक स्व. टीएन मिश्रा तथा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ वर्षा नालमे ने मैनेजमेंट के सदस्यों का परिचय करवाया। महाविद्यालय स्टाफने संस्था अध्यक्षा डॉ शोभा सुमन मिश्रा को शॉल ओढ़ाकर, बुके, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।संस्था अध्यक्षा व सचिव ने महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारियों को चांदी का सिक्का व श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसी अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्यों डॉ भागचन्द बालोतए दीप्ति पीटरए दिव्या मेहराए डॉ नेहा मिश्रए अनुराधा माहेश्वरी तथा शुभा पारीक द्वारा लिखित शिक्षा विषय पर आधारित पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।

विद्यार्थियों सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। अंत में संस्था सचिव आरुष टीएन मिश्रा ने समस्त संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। आभार डॉ भागचंद बालोत ने जताया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. रागिनी त्रिपाठी ने किया।



## विद्यार्थियों को सुसंस्कारित करने वाली शिक्षिकाओं का सम्मान

अजमेर। लायंस क्लब अजमेर आस्था ने 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्कार पब्लिक स्कूल हाथीभाटा की एडमिनिस्ट्रेटर स्नेहलता शर्मा, नीतू भार्गव, श्वेता माथुर महिमा शर्मा सहित 17 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सम्मान किया। क्लब सचिव लायन कमलचंद बाफना ने बताया कि पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन पदमचंद जैन के मुख्य आतिथ्य में संस्कार पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के टीचर्स को माला पहनाकरए श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान लायन स्नेहलता शर्मा ने सभी लायन साथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि क्लब की ओर से टीचर्स का किया गया सम्मान हम सभी का मनोबल बढ़ाने वाला है। इसके लिए विद्यालय परिवार क्लब का आभार व्यक्त करता है।मुख्य अतिथि लायन पदम चंद जैन ने कहा कि शिक्षकों के सम्मान का अवसर प्रदान कर स्कूल ने हमे गौरांवित होने का मौका दिया है। इस अवसर पर क्लब के कोषाध्यक्ष लायन संजय जैनए पूर्व अध्यक्ष लायन निलेश अग्रवालए लायन राकेश गुप्ता उपस्थित रहे। संचालन पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन संपत सिंह जैन ने किया।

# भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर निकाली पदयात्रा



अजमेर। राजस्थान में अजमेर शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से 7 सितंबर को राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर पदयात्रा का आयोजन किया गया। अजमेर में केसरगंज बाबू मौहल्ले स्थित कांग्रेस कार्यालय से अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व मे पदयात्रा का आगाज हुआए जिसमें रा'य की उद्योग एवं देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत तथा राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने भी शिरकत की। पदयात्रा बाबू मोहल्ले कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर शहर विभिन्न हिस्सों केसरगंज, पड़ाव, सिनेमा रोड, मदारगेट, स्टेशन रोड होती हुई गांधी भवन पहुंची। जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही गई। प्रदेश की उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। उन्होंने पदयात्रा के दौरान गरीबों को नजदीक से देखाए उनसे मुलाकात की और उनके दुखदर्द में शरीक हुए।राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी का संघर्ष व्यर्थ नहीं जाएगा। हम सभी कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़े होकर देश को बचाने में एकजुटता से साथ निभाएंगे।पदयात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफए अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरीए पूर्व विधायक डॉ. श्रीगोपाल बाहेती के अलावा अनेक पार्षदए महिला कांग्रेस व युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कुछ कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ी टीशर्ट पहन रखी थी तथा राहुल गांधी व कांग्रेस समर्थित नारे लगा रहे थे।उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने 7 सितंबर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा शुरू कर 4000 किलोमीटर से 'यादा पैदल चलकर नवीन ऊर्जा का संचार किया था और उसी यात्रा की पहली वर्षगांठ मनाई गई।

# सोमेसर स्थित रेलवे के आरयूबी 67 पर बनेगा कवर शेड



अजमेर। रेलवे प्रशासन आमजन की सुविधा के मद्देनजर उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर मंडल मारवाड़.पालनपुर खंड पर स्थित सोमेसर स्टेशन के पास आरयूबी रोड अंडर ब्रिज संख्या 67 पर कवर शेड बनवाएगा।

इसके लिए सक्षम अधिकारी ने कार्य स्वीकृत कर दिया है और शीघ्र ही टेन्डर की कार्यवाही की जाएगी। यह काम 9 माह मे यह सम्पूर्ण कार्य किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

कवर शेड बनाने से जहां आमजन को धूप व बारिश से बचाव होगा वहीं आरयूबी में पानी भरने की समस्या पर भी काफी हद तक अंकुश लग सकेगा। करीब 80 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे इस कवर शेड से आरयूबी से गुजरने वाले लाखों आमजन लाभान्वित होंगे। मंडल रेल प्रबंधक राजीव धनखड़ ने वरिष्ठ मंडल इंजीनियर बिपिन सिंह को यह कार्य शीघ्र पूरा किए जाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है की यह आरयूबी पाली, नाडोल,उदयपुर मार्ग पर स्थित है।

# पंजाब के जसकरन सिंह बने केसीबी सीजन 15 के पहले करोड़पति

मुंबई। सोनी टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले ष्कौन बनेगा करोड़पति सीजन 15 का मंगलवार को जसकरण सिंह के तौर पर पहला करोड़पति मिल गया। जसकरण पंजाब प्रांत में एक छोटे से गांव के रहने वाले हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।इक्कीस वर्षीय जसकरण प्रतिदिन दो घंटे तक सफर करके अपने कॉलेज जाते हैं क्योंकि वे शिक्षा के महत्व को जानते हैं। घर वापस आकर वह कॉलेज की पढ़ाईए संघ लोक सेवा आयोग ;यूपीएससीद्ध और केबीसी की तैयारियों में संतुलन बनाए रखते हैं। उनकी सारी मेहनत और समर्पण तब फलीभूत हुईए जब जसकरण ने खुद को सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के सामने बैठा पाया।




केबीसी के गौरवशाली मेजबान जसकरण द्वारा शो में लाए गए महत्वाकांक्षा और साहस के बवंडर से मंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रह सके। जसकरण ने मंच पर उत्साह और भावनाओं के बीच खुलासा किया कि कैसे उनका परिवार उन्हें शिक्षा का उपहार देने के लिए उनके साथ खड़ा रहाए जिसका बदला वह अब केबीसी में मिली शानदार सफलता से चुकाना चाहते हैं। अदम्य भावना से लैसए इस युवा फायरब्रांड ने स्पष्टता के साथ घोषणा की कि उनकी यात्रा दृढ़ता से भरी थीए हमें याद दिलाया कि सीखने का असली रोमांच स्कूल की दीवारों से परे ही शुरू होता है।

जसकरण के सपने सिर्फएक करोड़ रुपए जीतने तक ही सीमित नहीं है क्योंकि वह भारतीय प्रशासनिक सेवा ;आईएएसद्ध के अधिकारी बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केबीसी अध्ययन सत्र से लेकर एक करोड़ रुपए का चेक पकड़ने तक की छलांग परिवर्तन का प्रतीक है। इसके लिए मैं अमिताभ बच्चन सर को हार्दिक धन्यवाद देता हूं। उन्होंने मुझे अपने जीवन के सबक दिएए जिन्होंने मुझे सोच.समझकर जोखिम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। मेरे परिवार का भी आभारए जिनके अटूट समर्थन और सलाह ने मुझे हॉटसीट तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि यह जीत एक बड़ी महत्वाकांक्षा की प्रस्तावना है।

मैं एक आईएएस अधिकारी के रूप में हमारे देश की सेवा करना चाहता हूं। जैसे-जैसे मैं आगे देखता हू मुझे इन जीतों का दोहरा उद्देश्य दिखाई देता है . पारिवारिक खुशी सुनिश्चित करना और उन स्थानों की खोज के लिए धन जुटाना जहां मैंने अध्ययन किया है। यह सिर्फएक पुरस्कार नहीं है यह मेरे भविष्य को आकार देने का मौका भी है।

# स्टारस्टडेड फिल्म श्वेलकम टू द का हिस्सा बने श्रेयस तलपड़े



मुंबई। श्रेयस तलपड़े हमेशा से एक प्रतिभाशाली और बहुमुखी अभिनेता रहे हैं। सिर्फहिंदी फिल्म क्षेत्र में ही नहींए उन्होंने क्षेत्रीय क्षेत्र में भी विभिन्न प्रारूपों में अपनी काबिलियत साबित की है। टीवी से लेकर फिल्मों के साथ.साथ संगीत वीडियो तकए उन्होंने सब कुछ किया है और यह निश्चित रूप से बहुत सराहना के योग्य है।

अभिनेता ने पहले कई दिलचस्प परियोजनाओं में सभी का मनोरंजन किया है और अब वह आगामी कॉमेडी फिल्म श्वेलकम टू द जंगल का हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं। जब से यह खबर सामने आई है श्रेयस के सभी प्रशंसक बेहद खुश और उत्साहित हैं क्योंकि उन्हें एक बार फिर उन्हें सभी का मनोरंजन करते देखने का मौका मिलेगा।

इस प्रोजेक्ट के संबंध में श्रेयस का कहना है कि यह निश्चित रूप से एक दिलचस्प प्रोजेक्ट होने जा रहा है। मुझे कॉमेडी करने में हमेशा मजा आया है और यह मेरे अंदर स्वाभाविक रूप से आता है। मैं अभी अपने किरदार के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकताए लेकिन इसमें कुछ जबरदस्त मनोरंजन होने वाला है। मैं बहुत उत्सुक हूं। अक्कीभाई, सुनील अन्ना, रवीना टंडन, संजू सर, अरशद आदि जैसे लोगों से काम करने और सीखने के लिए मैं उत्साहित हूं।

# इंतजार खत्म फुकरे 3 का हिलेरियस ट्रेलर जारी



मुंबई। दर्शकों की पसंदीदा फुक्रे फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर लंबे इंतजार के बाद जारी कर दिया गया है। फुक्रे 3 फिल्म 28 सितंबर को रिलीज होने वाली है। हाल में मेकर्स ने एक ग्रैंड लॉन्च इवेंट के दौरान प्रशंसकों को इस फिल्म का प्रभावशाली ट्रेलर दिखाया जिसमें फुकरा गैंग, भोली पंजाबन, पंडित जी और पूरी फिल्म टीम शामिल थी। फुक्रे 3 के ट्रेलर रिलीज ने इस फेवरेट कॉमेडी फ्रेंचाइजी की यादें ताजा कर दीं। फुक्रा गैंग हन्नी, चूचा, लाली, भोली पंजाबन और पंडित जी को फिर से स्क्रीन पर देखना वास्तव में शानदार है। फिल्म का ट्रेलर हंसी और मजेदार पलों से भरा हैए जिससे यह सुनिश्चित होता है कि फिल्म सुपर एंटरटेनिंग होने वाली है।

फुक्रे 3 अपनी पिछली किस्तों से आगे निकलने का वादा करती हैए और भी 'यादा मज़ा और एंटरटेनमेंट भी देगी। इसके अलावाए इस फिल्म में चूचा का सरप्राइज गिफ्ट हमें जोर जोर से हंसने पर मजबूर कर देगाए जिससे उत्साह और बढ़ जाता है।

ये ट्रेलर बेहद आशाजनक लगता है और इस फेवरेट कॉमेडी फ्रेंचाइजी की विरासत को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाता है। इस फिल्म को कॉमेडी शैली में एक प्रमुख चलन में तब्दील होते देखना वाकई दिलचस्प है। कह सकते हैं सीक्वल्स के इस दौर में अब फुक्रे 3 के धूम मचाने का भी सही समय आ चुका है।

वैसे रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने बार.बार दर्शकों को कई ब्लॉकबस्टर फिल्में जैसे जेडएनएमडीए दिल चाहता है सहित कई और फिल्में दीं।

# सालार पार्ट 1.सीजफायर की रिलीज को लेकर दर्शकों में क्रेज




मुंबई। पैन इंडिया स्टार प्रभास स्टारर सालार पार्ट 1.सीज़फ़ायर की एक छोटी सी झलक भर ने जनता को जबरदस्त तरीके से बेचैन किया है। और तब से दर्शक इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं जबकि निर्माता इस मेगा.एक्शन एंटरटेनर फिल्म को उनके सामने पेश करने के लिए उतने ही उत्साहित हैं। मेकर्स इस फिल्म को थिएटर्स में उतारने के लिए फुल रफ्तार से काम में जुटे हैंए लेकिन साथ ही उन्होंने इस बात का भी ध्यान रखा है कि फिल्म की क्वालिटी के साथ किसी भी तरह का कोई कॉम्प्रोमाइज न हो और दर्शकों तक बेस्ट सिनेमा पहुंचे।इस परियोजना से जुड़े करीबी सूत्र के अनुसार निर्देशक प्रशांत नील सालाररू पार्ट 1 . सीजफायर के फाइनल आउटपुट के साथ कोई समझौता नहीं करना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने हर चीज को परफेक्ट बनाने के लिए प्राथमिकता देने के लिए पोस्ट.प्रोडक्शन पर काम करने का फैसला किया है। फिल्म को लेकर चर्चा तेज है। हालांकिए दर्शकों तक बेस्ट फिल्म पहुंचाने को सुनिश्चित करने के लिए नवंबर में फिल्म रिलीज की संभावना अधिक है। इस बीचए निर्देशकए निर्माताए पोस्ट.प्रोडक्शन पर काम कर रहे हैं। होम्बले फिल्म्स जल्द ही फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा करेगी।जबकि प्रभास स्टारर सालार रू पार्ट 1.सीजफायर की रिलीज को जनता ने उत्सुकता से देखा हैए इस खबर ने वास्तव में इसे एक पायदान ऊपर उठा दिया है कि इस बार प्रशांत नील क्या लेकर आने वाले हैं। सालाररू पार्ट 1.सीज़फायर सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है जो केजीएफ निर्देशक प्रशांत नील और बाहुबली स्टार प्रभास के बीच पहले सहयोग का प्रतीक है।

# CAI's Jaipur Mega Event Achieves Guinness World Record, Igniting the Aspirations of Future Finance Leaders

Jaipur 08 September 2023 - The Institute of Chartered Accountants of India (ICAI) set the Guinness World Record for conducting the Largest Accounting Lesson ever held in a single location. Held in Jaipur, Rajasthan, the Mega Event titled 'Career in Accounting & Finance for Youth (CAFY) and Super Mega Career Counseling Programme- Bhavishya ki Raah' left an indelible mark on the enthusiastic young minds of India. With an overwhelming turnout of school students, the event served as a platform for ICAI to reaffirm its commitment to nurturing the future of accounting and finance professionals. A total of 3933 students gathered under one roof to attend the largest accounting lesson.




The event was organized at over 300 different places, and nearly 200,000 students from all around the country got to experience it. This program aims to enlighten students about the prospects in commerce and Chartered Accountancy, demonstrating that becoming a Chartered Accountant is the beginning of a journey filled with endless possibilities.This historic endeavor underscores ICAI's dedication to promoting the fields of accounting and finance among the youth, as well as its relentless pursuit of excellence in education and professional development.On this occasion CA. Aniket Sunil Talati, President, ICAI said, "Today, we embark on a historic journey as we aim for a Guinness World Record during this Career Counseling Programme. With thousands of students participating from across India, we witness the future of our nation. Our mission emphasizes the significance of commerce and accounting, showcasing the diverse opportunities Chartered Accountancy offers. Becoming a CA is not just a milestone; it's the beginning of a career journey filled with endless possibilities. Chartered Accountants are the pillars of nation-building, more than record-keepers; they're conscience keepers. This program unveils the countless opportunities in commerce and Chartered Accountancy."

Further, during the inaugural session today, CA. Ranjeet Kumar Agarwal, Vice-President, ICAI said, "We're here to stress the importance of commerce education and its vast career opportunities. Among India's 3,500 career choices, commerce shines with its unique advantages. Focused on finance and accounting, it prepares you to contribute significantly to our nation's financial stability. Chartered Accountants play a crucial role in nurturing companies, managing finances, and facilitating tax collection, not just performing financial audits. As India's economy grows, the significance of financial and accounting services in shaping our GDP, growth rate, and demographic dividend cannot be underestimated."The CAFY & Super Mega Career Counseling Programme provided a comprehensive insight into the rewarding world of accounting and finance. It offered a platform for students to interact with seasoned professionals, gain valuable career guidance, and explore the vast array of opportunities available in these dynamic sectors.ICAI, as the leading authority in the field of chartered accountancy, recognizes the importance of fostering young talent and guiding them toward successful careers. By organizing this mega event, ICAI reiterates its commitment to empowering the youth with knowledge and skills that are vital for a prosperous future.CA. Rohit Ruwatia is the chairman and CA. Rajkumar Adukia is the vice-chairman of the Career Counseling Committee under their able guidance the event was conducted.



## बार एसोसिएशन अजमेर के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राठौड़ का अभिनंदन

अजमेर। बार एसोसिएशन अजमेर के अध्यक्ष एडवोकेट नरेंद्र सिंह राठौड़ के प्रयासों से निर्माणाधीन नवीन कोर्ट बिल्डिंग में वकीलों की सुविधार्थ की गई कवायद सुपरिणाम देने वाली साबित हुई है। नए कोर्ट परिसर में एडवोकेट चैंबरों की संख्या 78 से बढ़कर 275 करवाने 16 करोड़ 30 लख रुपए का अतिरिक्त बजट तथा एडवोकेट चैंबरों व प्रवेश द्वार के साइज में बढ़ोतरीए बार एसोसिएशन कक्ष में लेट-बाथ निर्माण और समुचित व्यवस्था कराने में हाईकोर्ट से समन्वय करने के लिए बार वकील समुदाय ने राठौड़ समेत कार्यकारिणी को धन्यवाद ज्ञापित किया। सेशन कोर्ट परिसर में विभिन्न प्रमुख व वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने बार अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राठौड़ व सचिव राजेश यादव का अभिनंदन किया।

## प्रियदर्शी भटनागर विधानसभा चुनाव के लिए मीडिया एवं संचार कमेटी में नियुक्त

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के एडवोकेट तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रियदर्शी भटनागर को विधानसभा चुनाव के लिए मीडिया एवं संचार



कमेटी में नियुक्ति दी गई है । भटनागर प्रदेश कांग्रेस की ओर से विभिन्न न्यूज चौनलों की डिबेट में कांग्रेस का पक्ष प्रभावी ढ़ग से रखते आए हैं।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए घोषित राजस्थान प्रदेश मीडिया एवं संचार कमेटी में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट प्रियदर्शी भटनागर को नियुक्त किया गया है।गौरतलब है कि प्रदेश प्रवक्ता प्रियदर्शी भटनागर कांग्रेस पार्टी और राजस्थान सरकार की ओर से मीडिया के समक्ष पक्ष रखते हैं जबकि गत विधानसभा चुनाव 2013 और विधानसभा चुनाव 2008 में प्रदेश स्तरीय चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य भी रहे हैं। भटनागर की इस नवीन नियुक्ति का अजमेर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है।

## अजमेर के जैन चेरिटेबल ट्रस्ट ने जैन तीर्थ क्षेत्र सोनागिरी में ट्रेन के ठहराव की मांग

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के जैन चेरिटेबल ट्रस्ट ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णव को पत्र लिखकर लाखों.करोडों जैन धर्मावलंबियों की आस्था के जैन तीर्थ क्षेत्र सोनागिरि जी में रेल सेवाओं के ठहराव की मांग की है।अजमेर में ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं कर सलाहकार अरिंजय जैन ने रेल मंत्री वैष्णव को आग्रह किया है कि सोनागिर जी जैन समाज के लाखों तीर्थयात्रियों का आवागमन रहता है और समाज का पवित्र और आस्था का केन्द्र है।

# आदर्श विद्या निकेतन पुष्कर मार्ग में स्मार्ट कक्षाओं का शुभारंभ



अजमेर। भारत तेज गति से अपने विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है ऐसे समय में युगानुकुल तकनीक को समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रभावी तरीके से अपनाना आवश्यक हो गया है लेकिन भारत के विकास की अवधारणा में भारतीय संस्कृति के संस्कारों के साथ तकनीक का समन्वय इसे विश्व में अद्वितीय बनाने में सक्षम होगा।

इस दिशा में स्थानीय विद्यालय द्वारा आज दो कक्षा कक्षों को स्मार्ट क्लास में रूपांतरित किया गया है यह निःसंदेह विद्यालय के भैया बहिनों को युगानुकुल शिक्षा दे पाने में विद्यालय के सामर्थ्य में और वृद्धि करने वाला सिद्ध होगा। यह विचार सोमवार को पुष्कर रोड स्थित आदर्श विद्या निकेतन में निर्मित नवीन स्मार्ट कक्षाओं के शुभारंभ के अवसर पर विद्या भारती राजस्थान के संगठन मंत्री गोविंद कुमार ने कही।

शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आरबीआई के सेवानिवृत्ति सहायक महाप्रबंधक त्रिलोकचंद अग्रवाल ने कहा कि आज भारत तकनीक के क्षेत्र में बहुत तेजी से प्रगति कर रहा है। ऐसे समय में भारत के प्रत्येक बच्चे को प्रभावी तकनीकी शिक्षा देने की आवश्यकता है इस दिशा में विद्या भारती द्वारा किए गए प्रयास सराहनीय है।प्रधानाचार्य भूपेंद्र उबाना ने बताया कि 21वीं सदी के कौशलों से युक्त भारतीय पीढ़ी को सांस्कृतिक मूल्यों की छांव में गढ़ने के लिए विद्यालय में रोबोटिक्स, 3डीए मैकेनिकल, ड्रोन तकनीक, सेंसर तकनीक आदि की पढ़ाई अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से करवाई जा रही है। स्मार्ट क्लास के द्वारा बाकी विषयों को भी रोचक और प्रभावी बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय सचिव योगेश गौड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## सिक्योरिटी कल्चर सप्ताह में विजेता किशनगढ एयरपोर्ट टीम सम्मानित

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के किशनगढ़ हवाईअड्डे पर ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ;बीसीएएस के निर्देशानुसार सिक्योरिटी कल्चर सप्ताह में विजेता रही किशनगढ़ एयरपोर्ट टीम को सम्मानित किया गया। देश के सभी हवाईअड्डों पर एविएशन सिक्योरिटी कल्चर सप्ताह का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसकी अनुपालना में किशनगढ़ हवाईअड्डे पर 31 जुलाई से पांच अगस्त-2023 तक एविएशन सिक्योरिटी कल्चर सप्ताह मनाया गया था।

आज ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ;बीसीएएस के क्षेत्रीय निदेशक धारासिंह के द्वारा सप्ताह के दौरान विजेता रही किशनगढ़ हवाईअड्डे कि टीम के कार्य कि सराहना करते हुए निदेशक विमानपत्तन बीएल मीणा,मुख्य सुरक्षा अधिकारी शशि भूषण शर्मा को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

हाडी रानी महिला बटालियन के सहायक कमान्डेंट प्रमोद शर्मा एवं स्टार एयरलाइन के सुरक्षा प्रभारी हर्ष सिंह के कार्य कि भी सराहना करते हुए शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# वरुण सप्तमी पर अरोड़ा समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा





अजमेर। श्री मारवाडी अरोड़ा खत्री पंचायत न्यास के तत्वावधान में हर साल की तरह इस वर्ष भी बुधवार को वरुण सप्तमी पावन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। न्यास अध्यक्ष ओमप्रकाश हंसदेवा ने बताया कि सुबह अरोड़ा समाज की ओर से वरूण भगवान के पूजन के साथ शहर के विभिन्न मार्गों से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में सम्पूर्ण खत्री समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।परम्परानुसार शोभायात्रा में राधाकृष्ण की रजत जड़ित रेवाड़ी व भगवान श्री राधाकृष्ण के रास भजन मण्डली के साथ व श्यामबाबा का भव्य दरबार सजाया गया। समाज की 51 महिलाएं मंगल कलश लिए साथ चल रहीं थीं। शोभा यात्रा में भजन सकीर्तन करते हुए समाज बन्धुओं ने भाग लिया।शोभायात्रा नला बाजार स्थित दरियाव जी मंदिर से आरंभ होकर मदार गेट, गांधी भवन चौराहा, चूड़ी बाजार, पुरानी मण्डी होते हुए पुनः दरियाव जी मंदिर नला बाजार पर पहुंची। मंदिर के बाहर पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वरुण भगवान की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।अरोड़ा समाज के मंत्री डॉ.सुरेन्द्र अरोड़ा ने बताया कि दरियाव सप्तमी के उपलक्ष्य में शाम को समाज के 25 ऐसे वरिष्ठजनों जिन्होंने जीवन के 75 वसंत पूरे कर लिए उनका शॉलए श्रीफ्लए प्रशस्ती पत्र व दुपट्टा ओढाकर सम्मान किया गया।शिक्षा के क्षेत्र में उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले 60 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। रात्रि में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज के बालक.बालिकाओं ने विचित्र वेषभूषाए नृत्य एवं गायन प्रतियागिताओं में भाग लिया।खत्री पंचायत के सह सचिव राकेश अरोड़ा ने बताया कि ठण्डे भोज का आयोजन सरिन अरावली रिसोर्ट पुष्कर पर रखा गया। इस दौरान बच्चों के मनोरंजन कार्यक्रम हाउजी, व्हील चेयर आदि प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।समाज के उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को मारवाडी खत्री पंचायत ब्यास अजमेर एवं अन्य भामाशाहों ने पुरुस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम मे श्यामप्रकाश जुणेजा, जगदीश जुणेजा, अरुण आनन्दप्रकाश पुजारा, प्रेमप्रकाश, जुगल, मनीष, घनश्याम, संदीप, विट्ठल, शैलेष सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अश्विनी पाठक 30 सितम्बर को अजमेर में करेंगे भव्य सुंदरकांड पाठ

अजमेर। पंडित आत्माराम व्यास जन्म शताब्दी वर्ष समारोह समितिए सुरेश शर्मा स्मृति. केशव माधव परमार्थ मण्डल अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 30 सितम्बर को अश्विनी पाठक का भव्य सुंदरकांड पाठ आयोजन किया जाएगा।मंयक दाधिच ने बताया कि कार्यक्रम स्थल हरिभाऊ उपाध्याय नगर ;विस्तार, स्थित सिंधुपति महाराजा दाहरसेन स्मारक पर अहमदाबाद वाले पूज्य गुरूजी अश्विनी पाठक का विशाल सुंदरकांड का पाठ आयोजित किए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। आने वाले समय में आसन बुक करने का स्थान निर्धारित किया जाएगा। कंवल प्रकाश ने बताया कि 23 वर्षों से भी अधिक 8522 दिन से लगातार निरंतर पाठ करने वाले अश्विनी पाठक का अजमेर में 8680वां पाठ का आयोजन होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कमेटियां बनाई जाएंगी व हर घर में इस पाठ का प्रचार प्रसार किया जाएगा।बैठक में पुनीत दाधिच, ज्ञान सारस्वत, विजय प्रकाश तत्वेदी, सुभाष काबरा, शंकर सिंह राठौड़, दिलीप विष्णु, मनोज कुमार सैन, विमल काबरा, श्याम सुन्दर सांखला, अनिल कुमार जोशी, भंवर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।


SHM
FOLLOW US
SHREE HARI MARBLE
SHRI HARI GRANI MARMO
A HOUSE OF QUALITY MARBLE,GRANITE & TILES

Ph.: 0141-2352789
Mob.: 9828060720
E-mail : advocatesunil32@yahoo.com
SUNIL KUMAR JAIN
Advocate
RAJASTHAN HIGH COURT
Resi.: P.No. 74, Nityanand Nagar-A Queen's Road Jaipur
Office : B-47, Shiv Hari Apartment S.S.B. Nagar, Opp. Metro Pillar-98, New Sanganer Road, Sodala, Jaipur
Chamber : Chamber No.32 'B' Block,Rajasthan High Court, Jaipur



समाचार भेजनें और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए संपर्क करें

mob +91-9887907277, 7737385114
Email ID sabgurunews@gmail.com

कार्यालय

अजमेर- 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.
जयपुर - D8, गोवेर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019 , राज.


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड अजमेर से मुद्रित करवाकर कार्यालय – 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित। संपादक–विजय सिंह 9887907277